वसन्त कुंज में नागरिक सुख-सुविधाओं की व्यवस्था

1295. **श्री अश्विनी कुमार :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वसंत कुंज स्थित (मसूदपुर) में विभिन्न श्रेणियों के आवंटितियों को मकान का कब्जा तो 8-10 महीने पहले दे दिया गया है लेकिन वे वहां रह नहीं पा रहे हैं क्योंकि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इन कालोनियों का पूर्णरूपेण विकास अभी तक नहीं किया गया है और इससे विकसित हो र एल.आई.जी. के मकान बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं ;

(ख) क्या सरकार इन आवंटितियों को ब्याज का भुगतान करने का विचार रखती है क्योंकि उनको मकान सौंपने से पहले उनमें पेय जल और अन्य कार्यों की व्यवस्था पूरी नहीं की गयी थी ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्री (श्री भुरासोली मारन) : (क) मसूदपुर में फ्लैटों का कब्जा पिछले 8 महीनों से दिया जा रहा है । वसंत कुंज क्षेत्र में सभी विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं । तथापि मसूदपुर में निम्न आय वर्ग के मकानों के पाकेट में मुख्य लाइन (मेन) वितरण के जरिए जलापूर्ति नहीं की जा सकी और इसलिए वहां टैंकरों के जरिए जल पूर्ति के लिए अन्तरिम प्रबंध किए गए हैं । पानी की मुख्य लाइनें बिछाने का काम पहले से पूरा कर दिया गया है ।

(ख) और (ग) सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया की गई हैं तथा आवंटितियों को कोई ब्याज देने का प्रश्न नहीं उठता ।

नई रेल लाइनें बिछाने के लिए राज्य सरकारों से निधियां

1296. **श्री राम जेठमलानी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भविष्य में नई रेल लाइनें बिछाने के लिए सम्बन्धित राज्य सरकार से धन का कुछ भाग लेने का निर्णय किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इस नीति से पिछड़े राज्य और अधिक पिछड़ जायेंगे ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीज) : (क) ऐसा कोई सामान्य निर्णय नहीं लिया गया है । तथापि, महाराष्ट्र में मान खुर्द-वेलापुर परियोजना के मामले में, राज्य सरकार नगर औद्योगिक विकास निगम कोष के माध्यम से 67 प्रतिशत तक अंशदान कर रही है । नयी कोंकण रेल परियोजना के मामले में यह संभावना है कि सम्बद्ध चार राज्य सरकारें भी इसके लिए धन का अंशदान करेंगी ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी नहीं ।

वर्ष 2000 तक खाद्यान्नों का उत्पादन लक्ष्य

1297. **श्री राम जेठमलानी :**
डा. अनवर अजीज शिंदे अरोड़ा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में वर्ष 2000 तक खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसप्रकार निर्धारित लक्ष्य क्या है ;